पत्र संख्या –26 / विविध–06–20 / 2019 ..... /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

ब्रजेश मोहन,
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

सेवा में,

मुख्य महाप्रबंधक,
उत्तर बिहार उपभाग,
बुडको, पटना–800001

विषय :– संवेदक श्री अमित कुमार, मुहल्ला–विजयनगर, पोस्ट–लोहियानगर, थाना–पत्रकारनगर, जिला–पटना के विरूद्ध कार्रवाई के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–459 दिनांक–11.02.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत एकरारनामा संख्या–01SBD/2018-19 दिनांक 15.10.2018 के तहत् मनुषमारा नदी के पानी को बागमती नदी में गिराने एवं उसके तटबंधों के पुनर्स्थापन का कार्य एकरारनामा के पश्चात ससमय प्रारंभ नहीं करने के आरोप में विभागीय आदेश सं0–772 दिनांक–02.03.2020 द्वारा संवेदक श्री अमित कुमार, जिला–पटना को दस वर्षों के लिए कालीसूची में डाला गया।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन पर सुनवाई के क्रम में पाया गया कि अपीलार्थी द्वारा एकरारनामा विखंडन की कार्रवाई के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी0डब्लू0जे0सी0 सं0–14550 / 2019 दायर किया गया, जो कि माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन था। माननीय न्यायालय से न्याय निर्णय पारित होने तक एवं न्याय निर्णय के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त के साथ विभागीय आदेश ज्ञापांक–2106 दिनांक–02.08.2021 द्वारा कालीकरण आदेश सं0–772 दिनांक–02.03.2020 को स्थगित रखा गयां।

संवेदक द्वारा कालीकरण आदेश स्थगित होने के उपरांत CWJC No.-14550 / 2019 को वापस लेने हेतु माननीय न्यायालय से अनुरोध किया गया। तदालोक में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक–06.12.2022 को आदेश पारित किया गया, जिसका कार्यशील अंश निम्न है–

"After the matter was heard for some time, learned counsel for the petitioner, under instructions, seeks permission to withdraw the present petition reserving liberty to file a fresh petition, on the same and subsequent cause of action, placing on record the intervening developments, if so required and desired. Permission granted with liberty, as prayed for. As and when any such petition is filed, the same shall be processed and listed on priority basis. Instant petition stands disposed of as withdrawn in the aforesaid terms"

उक्त न्याय निर्णय के आलोक में मामले की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि चूकि स्थगन आदेश सशर्त निर्गत किया गया था। उक्त के उपरांत संवेदक द्वारा माननीय न्यायालय में दायर वाद CWJC No.-14550 / 2019 को वापस ले लिया गया है। ऐसी स्थिति में विभागीय आदेश ज्ञापांक–2106 दिनांक–02.08.2021 द्वारा कालीकरण आदेश को स्थगित रखने

संबंधी आदेश स्वतः निष्प्रभावी हो जाता है एवं विभागीय आदेश सं0–772 दिनांक–02.03.2020 वर्तमान में प्रभावी है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26/विविध–06–20/2019 पटना/दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– श्री अमित कुमार, मुहल्ला–विजयनगर, पोस्ट–लोहियानगर, थाना–पत्रकारनगर, जिला–पटना पिन कोड–800026 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–20/2019 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–20/2019 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–20/2019 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– मुख्य महाप्रबंधक, उत्तर बिहार उपभाग, बुडको, पटना–800001 को पत्रांक–459 दिनांक–11.02.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–20/2019 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को पत्रांक–2069 दिनांक–29.08.2019 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–20 / 2019 पटना, दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– प्रो0 चंद्रशेखर, सदस्य बिहार विधान सभा–सह–पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–06–20 / 2019 1416 पटना, दिनांक : 30/3/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/3/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।